महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय, वर्धा (महाराष्ट्र)
(संसद द्वारा पारित अधिनियम 1997, क्रमांक 3 के अन्तर्गत स्थापित केंद्रीय विश्वविद्यालय)
Mahatama Gandhi Antarrashtriya Hindi Vishwavidyalaya, Wardha
(A Central University Established by Parliament by Act No.3 of 1997)
नैक द्वारा 'A' ग्रेड प्राप्त

विनोद र. वैद्य
VINOD R.VAIDYA
सहायक कुलसचिव
ASSISTANT REGISTRAR

दिनांक : **15/08/2021**

# प्रेस विज्ञप्ति

## क्षेत्रीय केंद्र द्वारा मनाया गया स्वतंत्रता दिवस

महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय, वर्धा के क्षेत्रीय केंद्र प्रयागराज द्वारा स्वतंत्रता दिवस पूरे हर्ष, उल्लास के साथ मनाया गया। इस आयोजन की शुरुआत केंद्र के अकादमिक निदेशक प्रो. अखिलेश कुमार दुबे द्वारा गांधी जी के चित्र पर माल्यार्पण करते हुए की गई। अकादमिक निदेशक द्वारा ध्वज आरोहण किया गया। परिसर में उपस्थित सभी लोगों द्वारा समेकित रूप में राष्ट्रगान गाया गया। केंद्र के अकादमिक निदेशक प्रो. अखिलेश कुमार दुबे ने स्वतंत्रता दिवस के महत्त्व को उजागर करते हुए प्रत्येक जन को अपना योगदान देने की बात कही। आजादी के लिए बलिदान पुरखों को याद रखते हुए देश हित में संकल्प लेते हुए अपने भौतिक सुखों को छोड़कर देश की आजादी को बनाए रखने की दिशा में प्रयासरत रहने की बात कही। साथ ही अकादमिक महोदय ने देश की आंतरिक चुनौतियों के प्रति जागरूक रहते हुए अपना योगदान देने की बात कही। इस अवसर पर केंद्र के सहायक कुलसचिव श्री विनोद वैद्य, केंद्र की सह आचार्या डॉ. अवंतिका शुक्ल, डॉ. आशा मिश्र, सहायक आचार्या डॉ. हरप्रीत कौर, डॉ. विजया सिंह, डॉ. ऋचा द्विवेदी, डॉ. अनुराधा पाण्डेय, डॉ. अनूप त्रिपाठी, डॉ. विजय सिंह, श्री शिवाजी जोगदंड उपस्थित थे। गैर शैक्षणिक कर्मचारियों में केंद्र के श्री शम्भू दत्त सती, श्री जयेन्द्र जायसवाल ,श्री प्रत्यूष शुक्ल, श्रीमती रश्मि, श्री सुभाष श्रीवास्तव, श्री देवमूर्ति द्विवेदी, श्री राहुल त्रिपाठी, श्री बिरजू, श्री अभिषेक, श्री जगजीवन आदि इस अवसर पर उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन डॉ. अनूप त्रिपाठी द्वारा किया गया। तकनीकी सहयोग श्री जयेन्द्र जायसवाल जी द्वारा दिया गया।

(विनोद वैद्य)


महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हि विश्वविद्यालय
आज़ादी का अमृत महोत्सव
Samsung Triple Camera
Shot by Vinod Vaidya


Samsung Triple Camera
Shot by Vinod Vaidya


Samsung Triple Camera
Shot by Vinod Vaidya


Samsung Triple Camera
Shot by Vinod Vaidya


महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय, वर्धा
क्षेत्रीय केंद्र, झूंसी, प्रयागराज
Samsung Triple Camera
Shot by Vinod Vaidya


Samsung Triple Camera
Shot by Vinod Vaidya